समयबद्ध / वेबकास्टिंग / महत्वपूर्ण

कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी,उत्तर प्रदेश।

चतुर्थ तल, विकास भवन, जनपथ मार्केट, हजरतगंज, लखनऊ–226001

संख्याः 696 / सी0ई0ओ0–4–45 / 4–2014 लखनऊ : दिनांकः 23 फरवरी, 2017

सेवा में,

जिला निर्वाचन अधिकारी,
बलरामपुर, गोण्डा, फैजाबाद, अम्बेडकरनगर, बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, अमेठी, सुलतानपुर, महराजगंज, कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, चन्दौली, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र तथा जौनपुर।

विषयः **विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2017 मतदान के दिन मतदेय स्थलों से वेबकास्टिंग कराने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर कृपया इस कार्यालय पत्र संख्या–3419 / सीईओ–4–45 / 4–2014, दिनांक–12.09.2016 एवं पत्र संख्या–3597 / सीईओ–4–45 / 4–2014, दिनांक–29.09.2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से मतदान के दिन मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग हेतु तैयारी किये जाने निर्देश दिये गये थे।

2– तद्न्नतर इस कार्यालय के विभिन्न पत्रों यथा पत्र संख्या–317 / सीईओ–4–45 / 4 –2014 दिनांक–24.01.2017, पत्र संख्या–483 / सीईओ–4–45 / 4–2014, दिनांक–05.02.2017, पत्र संख्या 526 / सीईओ–4–45 / 4–2014, दिनांक–08.02.2017, पत्र संख्या–571 / सीईओ–4–45 / 4–2014 दिनांक–10.02.2017, पत्र संख्या–598 / सीईओ–4–45 / 4–2014, दिनांक–12.02.2017 तथा पत्र संख्या–652 / सीईओ–4–45 / 4–2014, दिनांक–19.02.2017 द्वारा समय–समय पर आयोग के निर्देशों के क्रम में अद्यावधिक निर्देश निर्गत किये गये है।

3– इस संबंध में मुझे यह कहना है कि चतुर्थ चरण में मतदान के समय जनपदों में चयनित मतदेय स्थलों से मतदान प्रकिया की वेबकास्टिंग की मॉनीटरिंग के समय यह परिलक्षित हुआ कि मतदेय स्थलों पर नेटवर्किंग समस्या / खराब कनेक्टीविटी एवं विद्युत कनेक्शन न होने के कारण वेबकास्टिंग की लाइव स्ट्रीमिंग में समस्या / बाधा उत्पन्न हुई है। कतिपय मतदेय स्थलों पर कैमरे का प्लेसमेन्ट भी आयोग एवं इस कार्यालय के पत्र दिनांक–10.02.2017, 12.02.2017 तथा दिनांक–19.02.2017 में अंकित निर्देशानुसार सुनिश्चित नही किया गया है।

4– उक्त के दृष्टिगत जनपदों में वेबकास्टिंग हेतु चयनित मतदेय स्थलों के संबंध में यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि चयनित मतदेय स्थलों में नेटवर्क(इन्टर कनेक्टीविटी) तथा विद्युत कनेक्शन की कोई समस्या न हो तथा वेबकास्टिंग हेतु प्रयुक्त टैबलेट / कैमरे का प्लेसमेन्ट भी इस प्रकार रखा जाय कि सभी मतदान कार्मिक, ई0वी0एम0 कम्पार्टमेन्ट, मतदेय स्थल की संख्या व नाम तथा मतदाताओं का आवागमन वेबकास्टिंग के दौरान प्रदर्शित हो सकें। आब्जर्बर को भी वेबकास्टिंग हेतु चयनित मतदेय स्थलों की सूची के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दे दें। **वेबकास्टिंग हेतु चयनित मतदेय स्थलों में से जिन मतदेय स्थलों पर नेटवर्क एवं विद्युत कनेक्शन की समस्या हों उन पर वेबकास्टिंग न करायी जाये।** ऐसे मतेदय स्थलों की मॉनीटरिंग सी0पी0एफ0, माइको आब्जर्बर, वीडियो / डिजीटल कैमरा इत्यादि माध्यमों से किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उक्त कारण से वेबकास्टिंग हेतु पूर्व से चयनित मतदेय स्थलों की संख्या में कमी हो सकती है।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(रमेश चन्द्र राय)
संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

संख्या–696(1) / सी0ई0ओ0–4–तद्दिनांक–

प्रतिलिपि श्री अंशु रोहतगी, जनरल मैनेजर मेसर्स निक्सी, C/O एन0आई0सी0 यू0पी0स्टेट, छठवां तल, योजना भवन, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपर्युक्तनुसार कार्यवाही सुनिनिश्चत कराने का कष्ट करें

(रमेश चन्द्र राय)
संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी।